वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 31.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, दैनिक मान्यवर," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

दैनिक जागरण–दि0 31.03.2025

विकास प्राधिकरण ने पास किया मेडिकल कालेज का नक्शा

जेपी पांडेय● जागरण

वाराणसी : जिले में एक और मेडिकल कालेज बनने का रास्ता साफ हो गया है। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने 105180 वर्गमीटर में प्रस्तावित राजकीय मेडिकल कालेज में 33776.06 वर्गमीटर क्षेत्रफल में कुल नौ ब्लाक का नक्शा पास कर दिया है। हर ब्लाक अलग-अलग मंजिल का होगा और उनमें सुविधाएं भी अलग होंगी। उधर, लोक निर्माण विभाग ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने का जिम्मा कंसल्टेंट एजेंसी को सौंप दिया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल परिसर में 129 बेड एक और भवन बनने के साथ मेडिकल कालेज का मानक पूरा हो जाएगा। मेडिकल कालेज के लिए 500 बेड का अस्पताल होना जरूरी होता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में मेडिकल कालेज बनाने की इच्छा जाहिर करते हुए जिला प्रशासन को प्रस्ताव बनाने को कहा था। साथ में जमीन भी देखने को कहा था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल और मानसिक चिकित्सालय परिसर की जमीन पर मेडिकल कालेज बनाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन के जरिए शासन को भेजा गया।

शासन ने मुहर लगाते हुए 150 करोड़ रुपये स्वीकृत भी कर दिया। निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग (भवन) को सौंपते हुए डीपीआर बनाने को कहा गया। लोक निर्माण विभाग (भवन) के अधिशासी अभियंता यूपी सिंह ने बताया कि डीपीआर बनाने के लिए कंसल्टेंट तय कर दिया गया है।

» पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल।

एक नजर में

कुल क्षेत्रफल- 105180 वर्गमीटर

निर्माण क्षेत्र- 33776.06 वर्गमीटर

कुल ब्लाक- नौ

● बी ब्लाक तीन मंजिल : लेक्चर हाल, फैकल्टी लाउंज, हाल ● सी ब्लाक दो मंजिल : बहुउद्देश्यीय हाल, वीआइपी लाउंज, कैफेटेरिया ● डी ब्लाक चार मंजिल : गर्ल्स हास्टल ● ई ब्लाक चार मंजिल : ब्वायज हास्टल ● एफ ब्लाक दो मंजिल : डाइनिंग हाल, रिक्रिएशनल एरिया/इंडोर गेम्स एरिया ● जी ब्लाक तीन मंजिल : पुरुष आवास ● एच ब्लाक महिला आवास : आइ ब्लाक दो मंजिल ● प्राचार्य आवास बी ब्लाक तीन मंजिल : लेक्चर हाल, फैकल्टी लाउंज, हाल ● सी ब्लाक दो मंजिल : बहुउद्देश्यीय हाल, वीआइपी लाउंज, कैफेटेरिया ● डी ब्लाक चार मंजिल : गर्ल्स हास्टल ● ई ब्लाक चार मंजिल : ब्वायज हास्टल ● एफ ब्लाक दो मंजिल : डाइनिंग हाल, रिक्रिएशनल एरिया/इंडोर गेम्स एरिया ● जी ब्लाक तीन मंजिल : पुरुष आवास ● एच ब्लाक महिला आवास : आइ ब्लाक दो मंजिल प्राचार्य आवास ●बी ब्लाक तीन मंजिल : लेक्चर हाल, फैकल्टी लाउंज, हाल ● सी ब्लाक दो मंजिल : बहुउद्देश्यीय हाल, वीआइपी लाउंज, कैफेटेरिया ● डी ब्लाक चार मंजिल :गर्ल्स हास्टल ● ई ब्लाक चार मंजिल : ब्वायज हास्टल ● एफ ब्लाक दो मंजिल : डाइनिंग हाल, रिक्रिएशनल एरिया/इंडोर गेम्स एरिया ● जी ब्लाक तीन मंजिल : पुरुष आवास ● एच ब्लाक महिला आवास : आइ ब्लाक दो मंजिल प्राचार्य आवास।

1,05,180 वर्गमीटर में

प्रस्तावित राजकीय मेडिकल कालेज में 33776.06 वर्गमीटर होगा निर्माण, बनेंगे नौ ब्लाक

" राजकीय मेडिकल कालेज का मानचित्र स्वीकृत कर दिया गया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल और मानसिक चिकित्सालय में नए भवन का निर्माण होगा। –पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए।

ए ब्लाक में सात मंजिल : ब्लाक ए सात मंजिल का होगा। आटोप्सी, फारेंसिक, हिस्टोपैथोलाजी, सीरोलाजी, एंथ्रोपोलाजी, टाक्सीकोलाजी विभाग स्थापित होंगे।

वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

दैनिक मान्यवर–दि0 31.03.2025

वीडीए ने 3 बिल्डिंग सीलकिया

वाराणसी।वाराणसी के तीन इलाके में मानचित्र स्वीकृत कराए बिना बिल्डिंग का निर्माण हो रहा था। निर्माण कार्य होने के दौरान वीडीए को इसकी भनक नहीं लगी, दो मंजिला भवन तनने के बाद जागे वीडीए के कार्रवाई करते हुए तीनों बिल्डिंग को सील कर दिया। वीडीए ने पब्लिक से अपील की है कि बिना नक्शा स्वीकृत कराए किसी तरह का निर्माण न करें। किसी अविकसित कालोनी में प्लाट खरीदने से पहले संबंधित कालोनाइजर से वीडीए द्वारा। स्वीकृत लेआउट मांगे।